सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक सं0 : 9फ / मान0स्वा0 / अल्जाइमर्स डे / 2018–19 / 2043 दिनांकः 30 / 08 / 2018

**विषय : दिनांक 21 सितम्बर, 2018 को ''विश्व अल्जाईमर्स दिवस'' एवं 17 से 23 सितम्बर, 2018 तक ''राष्ट्रीय डिमेन्शिया जागरूकता सप्ताह'' के रूप में मनाए जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष 21 सितम्बर को विश्व में ''विश्व अल्जाईमर्स दिवस'' के रूप में मनाया जाता है तथा यह दिन जिस सप्ताह में पड़ता है वह सप्ताह अर्थात 17 सितम्बर से 23 सितम्बर, 2018 तक **''राष्ट्रीय डिमेन्शिया जागरूकता सप्ताह''** के रूप में मनाया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व में अल्जाइमर्स डिमेन्शिया एवं अन्य प्रकार के डिमेन्शिया के प्रति जन–जागरूकता पैदा करना है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के समुचित मदों से विश्व अल्जाइर्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता हेतु रैली, संगोष्ठी, अर्बन स्लम कैम्प, मन्द बुद्धि प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने हेतु कैम्प इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन करने का कष्ट करें।

**साथ ही आपसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि जिन जनपदों में वर्तमान समय तक मनकक्ष की स्थापना नही की गई है, वे प्रत्येक दशा में राष्ट्रीय डिमेन्शिया जागरूकता सप्ताह में मनकक्ष का उद्घाटन करवाकर उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करवायें।**

कृपया उपर्युक्त कार्यक्रम के संबंध में अपने यहां संदर्भित अवसर पर की गई कार्यवाही के फोटो एवं न्यूज पेपर कटिंग को ईमेल statenmhp.up@gmail.com पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(मधु सक्सेना)
निदेशक (स्वास्थ्य)

पत्रांक :– 9फ / मान0स्वा0 / अल्जाइमर्स डे / 2018–19 / 2044–49 तद्दिनांक
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त जिला अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, उत्तर प्रदेश।

30/08/18

(डा0 सुनील पाण्डेय)
संयुक्त निदेशक (मानसिक स्वास्थ्य)